कृपया प्रकाशनार्थ - **15 दिसंबर 2013**

चित्रनगरी की आदीवासी बस्ती में अब आयी बिजली

मुंबई, रविवार : ''देश की वितीय राजधानी मुंबई में और वहाँ की चित्रनगरी जैसी सितारां की दुनिया में अब भी एक बस्ती में अंधेरे में थी. यह कैसा दुर्भाग्य है. अब स्वतंत्रता के 66 वर्षो बाद सही यहॉं के आदिवासिंयों के जीवन में सही मायनों में उजाला आया है'', ऐसे भावपूर्ण वचनों के साथ पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री.राम नाईक ने बिजली कनेक्शन का उद्‌घाटन किया.

मुंबई की दादासाहेब फाळके चित्रनगरी बनने के पहले से पिढीयों से कई आदिवासी परिवार रहते है. मगर यहाँ का बोरीचा पाडा बस्ती प्रमुख रास्ते से दूर और चढान पर है जहाँ मात्र चार परिवार रहते है. इसी दूरी और चढान के कारण आज तक बिजली कनेक्शन दिया नही गया. चित्रनगरी और महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण मंडल द्वारा उपेक्षा और लापरवाही इसके लिए जिम्मेदार थी. भाजपा कार्यकर्ता श्री.सुभाष उपाध्याय और बस्ती के श्री.मोहन गोराते को पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री.राम नाईक ने इसमें मार्गदर्शन किया. उनके अथक प्रयत्नों से मिली बिजली का जब कल श्री.राम नाईक ने बटण दबा कर उद्‌घाटन किया तो बुढे - बडे - छोटे सभी के चेहेरे खुशी से खिल गये. उनकी इस भावना को समझते हुए भाजपा उत्तर पश्चिम जिला के उपाध्यक्ष श्री.चंदनसिंह परमार ने इन परिवारों के लिए टीवी देने की घोषणा की. अब तक उपेक्षित इस बस्ती में अब एड्.कमलेश यादव और श्री.राजकिरण सालवे ने बच्चों के लिए संस्कार वर्ग शुरु करने का जिम्मा भी उठाया है. बिजली तो केवल चार झोपाडियों में आयी मगर जिस परिस्थिती से गुजर कर आयी उसके कारण उनकी खुशी में शरीक होने इस छोटे कार्यक्रम में परसिर के कई नागरीक और महानुभव आयें जिनमें भाजपा उत्तर पश्चिम जिला के महामंत्री श्री.संतोष मेढेकर तथा सर्वश्री दुर्गादास भक्ता, आनंद माने, सुनिल मिस्किंन, जितेंद्र पाटील, विजय गरुडे आदी उपस्थित थे.

(कार्यालय मंत्री